अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक का कार्यवृत

शनिवार, १७ जनवरी २०२६, मारवाड़ी भवन परिसर, हरमू रोड, रांची

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र २०२५-२७ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में दिनांकः १७ जनवरी २०२६, शनिवार को रांची स्थित मारवाड़ी भवन परिसर, हरमू रोड, झारखंड में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका के सभापतित्व में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्यों, विशेष आमंत्रित सदस्यों एवं समाजजनों की उपस्थिति रहीं:-

श्री पवन कुमार गोयनका	श्री गोवर्धन प्र. गाड़ोदिया	श्री गिरधारी लाल गोयनका	डॉ. सुभाष अग्रवाल
श्री बिनोद तोदी	श्री केदार नाथ गुप्ता	श्री पवन बंसल	श्री अनिल कुमार मलावत
श्री बसंत कुमार सुराणा	श्री संजय हरलालका	श्री कैलाशपति तोदी	श्री संजय गोयनका
श्री कमल नोपानी	श्री युगल किशोर अग्रवाल	श्री राजेश सिंघल	श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल
श्री विनोद कुमार जैन	श्री ओम प्रकाश पोद्दार	श्री रमेश चांडक	श्री चांदमल अग्रवाल
श्रीमती सुषमा अग्रवाल	श्री रमेश कुमार बजाज	श्री सज्जन शर्मा	श्री मुकेश मित्तल
श्री कृष्णा अग्रवाल	श्री संतोष कुमार अग्रवाल	श्री बाबू लाल बंका	श्री विनोद कुमार लोहिया
श्री अशोक कुमार डालमिया	श्री राज कुमार केडिया	श्री निर्मल कुमार काबरा	श्री ओम प्रकाश अग्रवाल
श्री अजय मारु	श्री चंडी प्रसाद डालमिया	श्री ओम प्रकाश प्रणव	श्री सज्जन कुमार पाडिया
श्री निर्मल बुधिया राज	श्री रिंकु अग्रवाल	श्री संजीव विजयवर्गीय	श्री प्रमोद कुमार सारस्वत
श्री राकेश हेलिवाल	श्री पवन कुमार पोद्दार	श्री राजेश कुमार रितोलिया	श्री कमल कुमार केडिया
श्री पवन कुमार शर्मा	श्री मनोज कुमार चौधरी	श्री प्रमोद छावछरिया	श्री नरेश बंका
श्री पदम जैन	श्री संजय सराफ	श्री बिनोद मित्तल	श्री प्रमोद कुमार बाजला
श्री अनिल कुमार खेमका	श्री संजय केजरीवाल	श्री अशोक श्रॉफ	श्री अनिल कुमार अग्रवाल
श्री संतोष अग्रवाल	श्री विनोद बेंगानी	श्री ललित कुमार पोद्दार	श्री बिजय खोवाल

निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सुचना दीः-

श्री नन्द लाल रुँगटा	श्री संतोष सराफ	श्री आत्माराम सोंथलिया	श्री पवन कुमार जालान
श्री पुरुषोत्तम सिंघानिया	श्री राजेश सोंथलिया	श्री जगदीश प्रसाद शर्मा	श्री प्रकाश चंद्र हरलालका
श्री नीतिन अग्रवाल	श्री सुभाष चंद अग्रवाल	श्री ओम प्रकाश अग्रवाल	श्री अरुण कुमार गाड़ोदिया
श्री बिश्वनाथ भुवालका	श्री मधुसूदन सिकरीया	श्री बिनोद अग्रवाल	

बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनकाजी के सभापतित्व में शुरु हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोयनका ने सर्वप्रथम सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। स्वागत संबोधन झारखंड प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष श्री सुरेश चंद अग्रवाल एवं प्रांतीय महामंत्री श्री विनोद कुमार जैन ने किया। बैठक के शुरुआत में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री श्री विनोद कुमार जैन ने देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे सभी राष्ट्रीय, प्रांतीय पदाधिकारियों एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को बैठक में पधारने हेतु आभार व्यक्त किया।

कार्यसुची १: अध्यक्षीय उद्गार।

बैठक को संबोधित करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका ने कहा कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन केवल एक संगठन नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति, सेवा और संगठन की सशक्त परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री श्री विनोद जैन एवं उनकी पूरी टीम तथा साथ ही सम्मेलन से जुड़ी नई संबंद्ध संस्था 'मारवाड़ी सहायक समिति' के अध्यक्ष श्री पवन कुमार शर्मा को उत्कृष्ट व्यवस्थाओं एवं आत्मीय आतिथ्य के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री, सभी प्रांतीय अध्यक्षों, महामंत्रियों, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति से बैठक को दिशा एवं गरिमा प्राप्त हुई है। उन्होंने झारखंड प्रांत द्वारा आयोजित 'मारवाड़ महोत्सव' की सराहना करते हुए कहा कि यह

आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का सुंदर उदाहरण है। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिवंगत समाजसेवियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोकाकुल परिवारों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने संगठन विस्तार पर बल देते हुए कहा कि सदस्यता ही संगठन की शक्ति है। अल्प समय में बड़ी संख्या में नए सदस्यों का सम्मेलन से जुड़ना उत्साहवर्धक है। उन्होंने "देश के हर घर से एक सदस्य" के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। शिक्षा, संस्कार एवं रोजगार के क्षेत्र में सम्मेलन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ये प्रयास समाज को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। आगे श्री गोयनका ने सिक्किम में सम्मेलन से जुड़ी संबंद्ध संस्था 'सिक्किम मारवाड़ी समाज' के बारे में भी सभा को अवगत कराया।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने कहा कि ऐसा कोई समाज नहीं है। जहाँ समस्याएं नहीं होती है। हमें उन समस्याओं को सुलझाना चाहिए। पश्चिम बंग प्रांत एवं झारखंड प्रांत की समस्याओं का समाधान हमें मिलजुल कर खोजना चाहिए। उन्होंने इन दोंनो प्रांतो के प्रभारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गिरधारी लाल गोयनका से इन प्रांतों की समस्याओं को सुलझाने का आग्रह किया।

कार्यसुची २: राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति का गत बैठक का कार्यवृत पारित करना।

कार्यसूची के अनुसार, सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री श्री केदारनाथ गुप्ता ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की पिछली बैठक (२० जुलाई २०२५) रायपुर का कार्यवृत प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से सभा सदस्यों द्वारा पारित किया गया।

कार्यसुची ३: राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा विगत कार्यकलापों की जानकारी।

राष्टीय महामंत्री श्री केदार नाथ गुप्ता ने पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन की गतिविधियों पर अपनी विस्तृत रपट प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने सम्मेलन की गतिविधियों को विस्तार से सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। सभी सदस्यों ने इस सत्र में हुए कार्यो की सराहना की एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया।

कार्यसुची ४: संविधान की धारा ११ (१) के अनुसार, राष्ट्रीय स्थायी समिति का गठन।

कार्यसुची के अनुसार, सम्मेलन की राष्ट्रीय स्थायी समिति के गठन के विषय में विचार-विमर्श हुआ और इसके गठन का अधिकार राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका को दिया गया।

कार्यसुची ५: संगठन -विस्तार तथा प्रांतों की सक्रियता पर प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्षों की संक्षिप्त रपट।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गिरधारी लाल गोयनका ने अपने प्रभारी प्रांत पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के बारे में बताते हुए कहा कि पश्चिम बंग प्रांत के चुनाव में कुछ समस्या आई है। उसे तालमेल बिठाकर चुनाव संपन्न करवा ली जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रांत की नई टीम अच्छा कार्य कर रही है। आज की बैठक का आयोजन करने हेतु झारखंड प्रांत को धन्यवाद दिया। आगे उन्होंने कहा कि सिक्किम प्रांत में चुनाव संपन्न हो चुका हैं श्री सजन अग्रवाल सिक्किम प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष चुने गए है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सुभाष अग्रवाल ने कहा कि मेरे प्रभारी प्रांतों से, जिनकी रिर्पोट केंद्र को प्राप्त नहीं हो रही है। मेरी कोशिश रहेगी की बैठकों के पहले मेरे प्रभारी प्रांतो की रपट केंद्र को समय पर भिजवा सके।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बिनोद तोदी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका को उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनित करने हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने प्रभारी प्रांत पूर्वोत्तर के बारे में बताते हुए कहा कि सारे कार्य सुनियोजित तरीके से चल रहा है। उत्तर प्रदेश प्रांत से सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा है। मैंने प्रांतीय अध्यक्ष से संपर्क कर उत्तर प्रदेश प्रांत के संगठन को मजबूत करने के विषय में चर्चा की लेकिन उनकी तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई। आगे उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा भेजी गई रिर्पोट फार्मेट को भरने में भी दिक्कते आ रही है, उसमें सुधार की आवश्यकता है। अखिल भारतीय समिति के चुनाव की प्रक्रिया में यू.पी. से मनोनित सूची केंद्र को भेज दी गई है। बिहार एवं पूर्वोत्तर में चुनावी प्रक्रिया चालु है। जल्द ही सूची भेज दी जाएगी।

कार्यसुची ६: प्रांतीय अध्यक्षों द्वारा प्रांतीय सम्मेलनों की रपट।

दिल्ली के प्रांतीय अध्यक्ष श्री राजेश सिंघल ने अपने प्रांत की रिर्पोट देते हुए कहा कि दिल्ली प्रांत में ७८३ सदस्य एवं ११ शाखाएं है। अभी हाल ही में दिल्ली में सम्मेलन का २९वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली

प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में संपन्न हुआ। हमारा उद्देश्य संगठन को अपने समाज से जोड़ना एवं मजबुत बनाना है।

झारखंड के प्रांतीय महामंत्री श्री विनोद जैन ने कहा कि वर्तमान में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन १६-१८ जनवरी २०२६, तीन दिवसीय 'मारवाड़ महोत्सव' का आयोजन किया है। जिसमें झारखंड के माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवाल का आगमन रहा। इस आयोजन में मेडिकल कैंप की भी व्यवस्था की गई है। झारखंड के सभी जिले एवं शाखाओं का सहयोग हमें प्राप्त हो रहा है। वे निरंतर अच्छा कार्य कर रहे है। कुछ जिले निष्क्रिय है, उन्हें भी जल्द सक्रिय करने का प्रयास चल रहा है। देवघर जिला में सामुहिक विवाह का आयोजन किया गया जिसकी अच्छी प्रतिक्रिया रही। रांची जिला झारखंड द्वारा भी कई सामाजिक कार्य चल रहे है।

पूर्वोत्तर के प्रांतीय महामंत्री श्री रमेश चांडक ने कहा कि पूर्वोत्तर में १२ नई शाखाएं खोलने के प्रयास चल रहे है। पूर्वोत्तर में ८३ से १०७ शाखाएं हो गई है। आगे १२० शाखाओं तक पहूँचने का लक्ष्य है। अखिल भारतीय समति की चयन प्रक्रिया चल रही हैं। समयानुसार हम केंद्र को सूची भेज देंगे। श्री चांडक ने बताया की इस बार हमारे प्रांत में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के स्थापना दिवस पर १०७ में ९४ शाखाओं ने स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। शिल्पी दिवस का कार्यक्रम ८५ शाखाएं मना रही है। पूर्वोत्तर में संस्कार-शाला का आयोजन राष्ट्रीय संगठनमंत्री श्री बसंत सुराणा जी के सानिध्य में सुचारु रुप से संचालित हैं। इसके उद्घाटन में असम के माननीय राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य एवं सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका उपस्थित थे। पूर्वोत्तर की ओर से एक समाचार प्रति निकलती है। हॉल ही में पूर्वोत्तर प्रांत के आय-व्यय की आडिटेड रिर्पोट की प्रति केंद्रीय कार्यालय में भेजी गई है। अरुणाचल प्रदेश में शाखाएं है, मणिपूर एवं त्रिपूरा में शाखाएं खोलने का प्रयास चल रहा है।

आंध्र प्रदेश के निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री चांदमल अग्रवाल ने अपने प्रांत की रिर्पोट सभा के समक्ष रखी।

कार्यसुची ७: राष्ट्रीय, प्रांतीय स्तर पर किए जा रहे कार्यो पर विस्तृत चर्चा एवं दिशा-निर्देश।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका ने प्रांतों को भेजी गई रपट के प्रारुप में आ रही दिक्कतों को एक-एक कर सभी पवॉइंट को पढ़ कर समझाया और कहा कि जिन प्रांतों से हमे रपट प्रांप्त नहीं हो रही है उन प्रांतों के नाम अगली बैठकों में बताए जाएंगे। इसलिये मेरा अग्राह है कि इसे अपनी आदत में बनाए। श्री गोयनका ने आगे कहा कि प्रत्येक प्रांत को राष्ट्रीय बैठकों का आतिथ्य करना, राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित प्रस्तावों का प्रांतों एवं शाखाओं में संचालन करने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि हमें एक प्रोफेशनल सेल के गठन की राष्ट्रीय एवं प्रांत स्तर पर आवश्यकता है, जिससे अपने समाज को लाभ प्राप्त हो सकेगा।

पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका ने अपने विचार साझा किए एवं प्रस्तुत महामंत्री की रपट में आवश्यक सुधार हेतु ध्यान आकर्षित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोयनका ने महामंत्री की रपट में आवश्यक सुधार करवाने का आश्वासन दिया।

सम्मेलन के निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने भी अपने विचार सभा के समक्ष प्रस्तुत किया।

सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री श्री केदारनाथ गुप्ता ने वित्तीय वर्ष २०२५-२६ के दिसंबर माह तक के आय-व्यय का 'लेखा-जोखा एवं संतुलन पत्र' समिति के समक्ष जानकारी हेतु प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री बसंत कुमार सुराणा ने पूर्वोत्तर में आयोजित संस्कारशाला के आयोजन पर सभा को अवगत कराया और उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष से इस प्रकार के कार्यक्रमों को जिसमें बच्चों को अपने संस्कार-संस्कृति से अवगत कराने हेतु सम्मेलन की सभी प्रादेशिक शाखाओं में संचालन करवाने हेतु अनुरोध किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका ने सम्मेलन के संविधान की धारा १४ (१) के तहत इस सत्र की प्रथम राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सिक्किम मारवाड़ी समाज, सिक्किम एवं मारवाड़ी सहायक समिति, रांची को संबद्ध संस्थाओं के रूप में स्वीकृत प्रदान की। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन कमार गोयनका ने पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति से सभा में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराते हुए बताया की पश्चिम बंग को ४ नवंबर २०२५ के वर्तमान कार्यकाल समाप्ति का पत्र केंद्र द्वारा भेजे जाने की बात बतायी पर प्रांतीय अध्यक्ष की ओर से कोई जवाब हमें प्राप्त नहीं हुआ। तदुपरांत कई पत्रों के देने के बाद पश्चिम बंग प्रांत की चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ हुई। उसके बाद किसी कारणवश

पश्चिम बंग द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारियों ने त्यागपत्र दे दिया गया। आगे श्री गोयनका ने कहा कि अगर तय समय पर चुनावी प्रक्रिया पूरी नहीं होती है तो, केंद्र द्वारा कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया की झारखंड प्रांत से संबंधित शिकायतों को सुलझाने पर विचार-विमर्श चल रहा है, आशा है इसे हम जल्द सुलझा लेंगे।

कार्यसुची ८: विविध - अध्यक्ष की अनुमति से।

झारखंड प्रांत के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री निर्मल काबरा ने बैठकों का संचालन मायड़ भाषा में करने का आग्रह किया। साथ ही राष्ट्र की तरफ से सम्मेलन के प्रत्येक सदस्य को पहचान पत्र (आईडी कार्ड) जारी करने की बात कही।

बिहार प्रांत के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री कमल नोपानी ने जातिवाद जनगणना २०२५ में शुरु हुई है, हमें उसमें अग्रवाल एवं मारवाड़ी शब्द को समाहित कराने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए वे राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी कार्य को करने के लिए तत्पर है।

बिहार के निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री युगल किशोर अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के अनुभव सभा में उपस्थित सदस्यों से साझा किए। आगे उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार एवं संस्कृति समाप्त होती जा रही है। इसके संरक्षण हेतु प्रयास करने की आवश्यकता है।

निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने सदस्यता के विषय में बताया की प्रांत केंद्र से सम्मेलन की वेबसाइट का आई डी एवं पासवर्ड लेकर स्वयं नये सदस्यों को सम्मेलन से जोड़ सकते है। आगे उन्होंने कहा कि जो प्रांत सक्रिय नहीं है उनमे से ५ प्रांतों पर पहले ध्यान केंद्रीत करना चाहिए जिससे वो सशक्त हो। जाति जनगणना पर बात करते हुए कहा कि इस पर सम्मेलन को एक बड़ी बैठक आयोजित करनी चाहिए।

सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गिरधारी लाल गोयनका ने लीगल सेल के गठन करने एवं प्रोफेशनल सेल के गठन हेतु सभी से सुझाव देने की बात कही।

अंत में सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन को राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के बैठक एवं तीन दिवसीय 'मारवाड़ महोत्सव' के सुंदरपूर्ण ढ़ग से आयोजित करने हेतु धन्यवाद ज्ञापन दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष **राष्ट्रीय महामंत्री**